हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 28 फरवरी, 2020/9 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 49

क्रिकेट मैदान

***2345 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुन्दरनगर में एच0पी0सी0ए0 द्वारा क्रिकेट मैदान बनाने की योजना है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पर्यटन को बढ़ावा

***2346 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु किन-किन स्थानों को चिन्हित किया गया है; ब्यौरा दें?

Integrated Development Project

***2347 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि विश्व बैंक द्वारा पोषित Integrated Development Project प्रदेश में

चलाया जा रहा है; यदि हां, तो इसके अंतर्गत कितनी धनराशि व्यय की जानी है और यह कब तक चलेगा; इस परियोजना में शामिल की गई पंचायतों का ब्यौरा जिला एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की जो पंचायतें IDP में एवं इससे पहले मिड हिमालयन प्रोजैक्ट में शामिल की गई हैं उनका ब्यौरा दें;

(ग) उन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का ब्यौरा दें जिनकी पंचायतें मिड हिमालयन प्रोजैक्ट में भी थीं और अब नए IDP में भी शामिल हैं; और

(घ) जिला कांगड़ा के कौन से प्रोजैक्ट कार्यालय बन्द किए गए हैं और वहां कार्यरत कर्मचारियों को कांगड़ा जिला के बाहर कहां-कहां भेजा गया हैं ?

पंचायतों का विलय

***2348 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कुछ पंचायतें विकास खंड कांगड़ा के अधीन हैं; यदि हां, तो इनको कब तक विकास खंड नगरोटा बगवां में शामिल किया जाएगा; ब्यौरा दें?

सब्जी मण्डी जुखाला

***2349 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सब्जी मण्डी जुखाला के निर्माण की स्वीकृति कब प्रदान की गई; इसके लिए भूमि का हस्तातंरण कब किया गया; आधारशिला कब रखी गई; निर्माण कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Underground Cabling

***2350 Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government has prepared a scheme for the underground cabling of open wires electrical system in the State; and

(b) if yes, which areas are covered under this scheme?

पदपूर्ति

***2351 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में शिक्षकों के विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक इन श्रेणियों में कितनी-कितनी नियुक्तियां की गईं; ब्यौरा दें?

विधायक प्राथमिकता

***2352 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक, भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाओं की DPR की अद्यतन स्थिति क्या है?

Vacancy Position

***2353 Sh. Pawan Nayyar(Chamba) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of JBT, HT & CHT have been sanctioned for Chamba district; how many posts of these categories are lying vacant; details be given Block wise; and

(b) how many primary schools are running without teachers or with a single teacher?

रेणुका बांध

***2354 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुका बांध निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं; यदि हां, तो कब तक इस कार्य को शुरू किया जाएगा; यदि नहीं, तो कारण?

रेलवे के पास भूमि

***2355 श्री राकेश सिंघा (ठियोग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में रेलवे के पास कितनी सरप्लस भूमि है;

(ख) इस भूमि के उपयोग हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) क्या इस भूमि पर सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किए जायेंगे तथा इस हेतु केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; ब्यौरा दें?

कर्ज़ का ब्यौरा

***2356 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सरकार ने कुल कितना कर्ज़ लिया; ब्यौरा तिथिवार दें;

(ख) कितना कर्ज़ बोर्डों, निगमों व अन्य संस्थानों के माध्यम से लिया; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार ने कर्ज़ माफी हेतु मामला केन्द्र से उठाया है?

14वां वित्तायोग

***2357 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 14वें वित्तायोग द्वारा विभिन्न पंचायतों को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई; और

(ख) यह धनराशि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों द्वारा उपयोग कर ली गई है; यदि हां तो धनराशि का ब्यौरा पंचायतवार दें?

स्वीकृत धनराशि

***2358 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा दें?

Hamirpur Bus Stand

***2359 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that construction of new bus stand at Hamirpur is under consideration of the Government; if yes, by when the work will be started; and

(b) how much funds have been sanctioned for the same?

आकांक्षी जिला चम्बा

***2360 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक आकांक्षी जिला चम्बा को केंद्र से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है, इसमें से कितनी धनराशि किस-किस विभाग द्वारा व्यय की गई; धनराशि का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

ठियोग-हाटकोटी सड़क

***2361 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ठियोग-हाटकोटी सड़क के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; शेष कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

Sabji Mandi Rampur

***2362 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state what is the latest position of construction of new Sabji Mandi at Rampur and how much funds have been sanctioned for the same?

हाइड्रो प्रोजैक्ट

***2363 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गिरी नदी पर हाइड्रो प्रोजैक्ट का कार्य तीन चरणों में किया जाना प्रस्तावित है ; यदि हां, तो क्या केवल दूसरे चरण का ही निर्माण कार्य चल रहा है; और

(ख) सरकार द्वारा प्रथम व तृतीय चरण के हाइड्रो प्रोजैक्ट के निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

पेंशन स्कीम

***2364 श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार केंद्र के सेवा नियमों का यथावत अनुसरण करती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार केंद्र की तर्ज पर प्रदेश में नई पेंशन स्कीम व कर्मचारियों की डी0सी0आर0जी0 10 से 14 प्रतिशत करने का विचार रखती है; और

(ग) सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु या उनके अपंग होने पर सरकार पेंशन सुविधा देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

पुल निर्माण

***2365 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांढा पतन-बैरी संधोल तथा डिबडेऊँ (लडभड़ोल) कोहला (ढन्डोल) सड़क पर निर्माणाधीन पुलों की अद्यतन स्थिति क्या है?

कृत्रिम झील निर्माण

***2366 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत बिलासपुर में कृत्रिम झील के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***2367 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बागा सराहन-बठाहड़ वाया विशलेऊ जोत सड़क बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भवन निर्माण

***2368 श्री इन्द्र सिंह(बल्ह) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय माध्यमिक पाठशाला सरकीधार को स्तरोन्नत कर दिया गया है; यदि हां, तो इसके भवन का निर्माण कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा ; और

(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलमा, सिदयाणी, वर्षवाण, हल्यतर व अन्य पाठशालाओं के नए भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

संपर्क मार्ग

***2369 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सम्पर्क मार्ग चौंरा-रूपी व नाथपा का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाना था; इन मार्गों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व कितनी व्यय की गई और निर्माण कार्य में विलम्ब के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***2370 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग-परलोग सड़क का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना शेष है और इस सड़क पर कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है; ब्यौरा दें;

(ख) नाबार्ड के अन्तर्गत बगशाड़-शाऊंगी-गड़ारी-कुण्ड वेस्ता तथा काहणो-दूरकनों-जवेरेहल सड़क का कार्य कितना हो चुका है तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ग) क्या नाबार्ड से स्वीकृति मिल चुकी है; यदि हाँ, तो इस पर कुल कितनी लागत आएगी; ब्यौरा दें ?

Damage to Foundation Stones

***2371 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that anti-social elements are damaging foundation stones laid for the construction of various development works; if yes, what action has been taken by the Government?

गाड़ियों के चालान

***2372 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में आबकारी व अन्य विभागों को ओवर-लोडिड गाड़ियों के चालान से कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

होम गार्डस हेतु नीति

***2373 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में होम गार्ड के जवानों की सेवाओं का उपयोग पूरा वर्ष नहीं किया जाता; यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में इन्हें पूरा वर्ष कार्य देने हेतु नीति बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Bus Service

***2374 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31 January, 2020, how many bus routes have been sanctioned in Chintpurni Assembely Constituency and how many are not functional; and

(b) what steps have been taken by the Government to ply bus services on these routes?

आवासीय कॉलोनी

***2375 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु सरकार आवासीय कॉलोनी बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें?

लोकायुक्त

***2376 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोकायुक्त का पद कितने समय से रिक्त चल रहा है और सरकार इस पद को भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

पदपूर्ति

***2377 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पशु पालन विभाग में चिकित्सकों, फार्मासिस्टों व चतुर्थ श्रेणी के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं व इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

होम गार्ड कार्यालय

***2378 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्तमान में बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में होम गार्ड की 2 कम्पनियां है और क्या सरकार भोटा स्थित होम गार्ड की कम्पनी को भोरंज में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

लोक निर्माण मण्डल

***2379 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खज्जियार का कुछ भाग लोक निर्माण मण्डल डलहौजी के अधीन है; यदि हां, तो इस भाग को चम्बा मण्डल में कब तक सम्मिलित किया जाएगा?

निविदाएं

***2380 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) संगड़ाह मण्डल के अंतर्गत हुई बर्फ़बारी के दौरान दिसंबर 2019 से 31.01.2020 तक बर्फ साफ करने हेतु कितने टैंडर लगाए गए; और

(ख) टैंडर लगाने की क्या शर्तें थी तथा किन ठेकेदारों को बर्फ़ साफ करने का कार्य दिया गया; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम तथा व्यय की गई धनराशि सहित दें?

Supreme Court Judgement

***2381 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what steps have been taken by the Government to recover the money due to Himachal Pradesh as a result of the judgement delivered on September 27,

2011 by the Supreme Court of India in case titled 'State of Himachal Pradesh versus Union of India and Others'; and

(b) what is the total amount due to the State as an outcome of this judgement?

स्वीकृत योजनाएं

***2382 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक प्रदेश में नाबार्ड से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजनावार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

स्टेडियम/खेल मैदान

***2383 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नए स्टेडियम/ खेल मैदान निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बैजनाथ में स्टेडियम का निर्माण कब तक कर दिया जायेगा?

आदर्श विद्यालय

***2384 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आदर्श विद्यालय खोलने हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा?

Divisions in Chamba

***2385 Sh. Bikram Singh Jaryal(Bhattiyat) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many divisions of HPPWD are there in Chamba district;

(b) what type of machinery is available in each division; details be given with usefull and non-usefull machinery sub-division wise; and

(c) whether the government has any plan to buy Snow Cutter machines for Dalhousie or Salooni divisions?

ब्लैक स्पॉट

***2386 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक रोहडू मण्डल में ब्लैक स्पॉट्स के सुधार हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा उप-मण्डलवार, स्पॉटवार व ठेकेदारों के नाम सहित दें; और

(ख) क्या यह धनराशि उन्हीं कार्यों पर व्यय हुई जहां के लिए स्वीकृत थी; ब्यौरा दें?

Construction of Building

***2387 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state during the last year upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned for the consturction of buildings of GSSS Khaneri, Tippar Majholi and Kungal Balti?

दुर्घटनायें

***2388 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में Electric Line Clearance न होने के कारण कितनी दुर्घटनायें हुई; कितने लोगों की जानें गई हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) HPSEBL द्वारा इसकी पुनरावृत्ति रोकने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

जे0बी0टी0 पदों पर नियुक्ति

***2389 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बी0ए0, बी0एड0, एम0ए0, एम0एड0 पास ऐसे अभ्यार्थियों जिन्होंने प्रदेश के बाहर से 2 वर्ष की E.T.T. (एलिमेंट्री एजुकेशन ट्रेनिंग) की है और जे0बी0टी0 टेट की परीक्षा पास की है, को कमीशन पास करने में छूट देकर जे0बी0टी0 पदों पर नियुक्त करने का विचार रखती है?

सीमेंट की आपूर्ति

***2390 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पंचायतों में सीमेंट न आने के कारण मनरेगा के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य बन्द पड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार सीमेंट उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

कंदरौर पुल

***2391 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कंदरौर पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

केरोसिन आपूर्ति

***2392 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-01-2020 तक जिला किन्नौर में कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को केरोसिन की आपूर्ति की गई; ब्यौरा तिथिवार दें?

उप-तहसील कार्यालय पांगणा

***2393 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उप-तहसील कार्यालय पांगणा के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हाँ, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 12 फरवरी, 2020 . **सचिव।**